FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

<u>प्रेस नोट थाना दक्षिण दिनांक 14-06-2024 जनपद फिरोजाबाद।</u>

थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06-06-2024 को मोबाइल स्नेचिंग की घटना करने वाले शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **02 अभियुक्त टिंकू एवं संदीप पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से हुए घायल।**
- **01 अभियुक्त राजीव को भागने का प्रयास करते समय पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों द्वारा दिनाँक 06-06-2024 को मोबाइल स्नेचिंग की घटना को दिया गया था अंजाम।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 03 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 04 जिंदा कारतूस, 05 खोखा कारतूस, 01 मोटरसाइकिल व लूटे हुए 03 मोबाइल बरामद....**

दिनाँक 06.06.2024 को वादी द्वारा थाना दक्षिण पर तहरीर दी गयी कि अज्ञात बाइक सवारों द्वारा रास्ते में जाते वक्त मेरा मोबाइल छीन कर भाग गये है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना दक्षिण पर 387/24 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया था।

घटना के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपर पुलिस अक्षीधक नगर के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में घटना के सफल अनावरण हेतु अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी विवेचना के दौरान अभियुक्त राजीव पुत्र मुन्नालाल एवं संदीप पुत्र हरेन्द्र का नाम प्रकाश में आया था।

आज दिनाँक 14-06-2024 को मुखबिर खास से सूचना मिली की दिनाँक 06-06-2024 को मोबाइल छीनने की घटना कारित करने वाले अभियुक्त किसी अन्य घटना को अंजाम देनें की फिराक में है। सूचना पर थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा लालऊ रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर 03 युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा जब उन्हें को रोकने का प्रयास किया गया तो वह अपनी मोटरसाइकिल पीछे मोड़कर भागने लगे परन्तु मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर बैठे अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में 02 अभियुक्तों के पैर में गोली लग गयी, जिन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्तो की पहचान टिंकू एवं संदीप के रुप में हुई तथा 01 अन्य अभियुक्त राजीव भागने का प्रयास कर रहा था जिसे पकड़ लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 03 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस, 04 अदद जिंदा कारतूस, 01 अदद मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स एवं 03 लूट के मोबाइल बरामद हुए है। घायल अभियुक्तों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल फिरोजाबाद भिजवाकर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणः-

1. संदीप पुत्र हरेन्द्र निवासी वरकदपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. टिंकू पुत्र निर्मल सिंह निवासी कन्हैयानगर पैमेश्वर गेट थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
3. राजीव पुत्र मुन्नालाल निवासी आजाद नगर थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगीः-

1- 03 तमंचा 315 बोर मय 04 जिन्दा व 05 खोखा कारतूस।

2- 01 मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स।

3- 03 लूट की गये मोबाइल फोन।

अभियुक्त टिंकू पुत्र निर्मल सिंह उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः—

1. मु0अ0सं0- 387/24 धारा 392 भादवि थाना दक्षिण फिरोजाबाद
2. मु0अ0सं0- 724/21 धारा 398/402 भादवि थाना वृन्दावन जनपद मथुरा
3. मु0अ0सं0- 91/23 धारा 379/411 भादवि थाना छाता जनपद मथुरा
4. मु0अ0सं0- 259/19 धारा 401/411/414 भादवि थाना रसूलपुर फिरोजाबाद
5. 744/23 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411/414 भादवि थाना दक्षिण फिरोजाबाद

अभियुक्त संदीप पुत्र हरेन्द्र उपरोक्त का अपराधिक इतिहासः—

1. मु0अ0सं0 387/24 धारा 392 भादवि0 थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

अभियुक्त राजीव पुत्र मुन्नालाल उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः—

1. 387/24 धारा 392 भादवि थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 284/23 धारा 379/411 भादवि0 थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 योगेन्द्र पाल सिंह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री आनन्द कुमार सिंह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री सिंहराज सिंह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
4. है0का0 34 प्रांजल प्रभात थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
5. है0का0 703 होरीलाल थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
6. है0का0 711 अवनीश गौतम थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 958 राहुल चौधरी थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 1550 विशेष राठी थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 1069 पवन कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 715 सोनवीर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
11. 709 दीपक कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।